दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 94 मुरादाबाद 29 July 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## लखनऊ: राज्यपाल ने दी सरकार की साख बढ़ाने की सलाह, कहा- समन्वय से काम करें मंत्री



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश मंत्रिमंडल को सुशासन की सीख देते हुए कहा कि सभी कैबिनेट व राज्यमंत्री आपस में मिलकर काम करें। इससे सरकार की साख बढ़ेगी और जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सकेगा। उन्होंने मंत्रियों को अच्छी छवि बरकरार रखने और युवाओं को आगे बढ़ाने की भी नसीहत दी। राज्यपाल ने कहा, मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को ध्यान रखना चाहिए कि राज्यमंत्री उनके सहयोगी हैं। उनके साथ सामंजस्य के साथ काम करेंऔर आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करें। गौरतलब है कि जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने हाल ही में राज्यपाल को अपना इस्तीफा यह आरोप लगाते हुए भेज दिया था कि उनके कैबिनेट मंत्री ने उन्हें काम नहीं दिया और न ही उन्हें कोई तवज्जो नहीं मिलती है। छवि पर न लगने दें दाग - राज्यपाल ने मंत्रियों को सलाह देते हुए कहा कि सरकार की छवि का खास ध्यान रखा जाए। मंत्रियों का यही प्रयास हो कि जैसी छवि सरकार बनने के वक्त उनकी थी, वैसी ही पांच साल बाद भी रहे। सीएम के कार्य को सराहा- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज की सराहना करते हुए कहा, %जब मैं पहले जिलों में जाती थी तो लोग ज्यादा शिकायत करते थे लेकिन अब शिकायतों के आने का सिलसिला कम हुआ है। मंत्रियों को चाहिए कि जनता की शिकायतों पर पूरा ध्यान दें।% उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खुद के गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए कामकाज के अनुभवों को मंत्रियों से साझा किया। मंत्रियों को कामकाज और बेहतर करने के लिए सभी का सहयोग लेने और मिलजुल कर काम करने की सलाह दी। मंत्रियों ने काम का दिया ब्योरा - सभी मंत्रियों ने उन्हें अपने विभाग के सौ दिन के कामकाज की जानकारी दी। साथ ही छह महीने की योजना के बारे में बताया।

## मुसलमानों ने भी मन बना लिया है, सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनाएंगे- मौलाना तौकीर रजा का बयान



बरेली में आइएमसी (इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल) के अध्यक्ष तौकीर रजा ने अपने बयान से सियासी खलबली मचा दी है। मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि इस बार मुसलमानों ने भी ठान लिया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री बनाना है। मौलाना तौकीर रजा ने कहा- मायावती चाहती हैं कि पीएम बन जाएं। जबकि समाजवादी पार्टी चाहती है कि उनका प्रधानमंत्री बनें। अगर सब अपने लिए काम करते रहेंगे तो कोई पीएम नहीं बनने वाला। रजा ने कहा- कांग्रेस के साथ- साथ सबको कुर्बानी देनी पड़ेगी। सबको मिलकर एक साफ सुथरा चेहरा लाना होगा। वर्ना मुसलमान ने भी ये मन बना लिया है कि अगला प्रधानमंत्री बीजेपी का ही बनेगा। हमारी तरफ से योगी आदित्यनाथ और नितिन गडकरी हमारी तरफ से प्रधानमंत्री हो सकते हैं। मौलाना तौकीर रजा ने आगे कहा- अगर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष ने कोई मजबूत गठबंधन नहीं बनाया तो ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा- मेरी राय है कि विपक्ष मिलकर ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बना सकते हैं। अगर प्रधानमंत्री बनाने को लेकर किसी तरह का सियासत नहीं होती है तो कल को बेहतर नतीजे निकलने की उम्मीद है। अगर ऐसा नहीं होता तो बीजेपी का मुकाबला ना कांग्रेस कर पाएगी और ना ही कोई दूसरी पार्टी। गौरतलब है कि सीएम योगी आदित्यनाथ को पीएम बनाने की बात तौकीर रजा ने पहली बार नहीं की है। इससे पहले भी उन्होंने कहा था कि सीएम योगी आदित्यनाथ को पीएम बना देना चाहिए। पिछले दिनों यूपी में हुए बवाल के बाद सीएम योगी के एक्शन के बाद भी तौकीर रजा ने कहा था कि सीएम योगी को पीएम होना चाहिए

## अखिलेश यादव ने ओपी राजभर को दी झाड़-फूंक कराने की सलाह, कहा- उनके अंदर किसी और की आत्मा घुस गई है



रामपुर और आजमगढ़ में सपा को मिली हार के बाद से लगातार जुबानी तीर चला रहे सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर को लेकर अखिलेश यादव ने कहा है कि राजभर के अंदर किसी और की आत्मा घुस गई है। यही नहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि ओपी राजभर को झाड़-फूंक करानी चाहिए। पिछले दिनों समाजवादी पार्टी ने ओपी राजभर से दो टूक शब्दों में गठबंधन तोड़कर चले जाने को कहा था। समाजवादी पार्टी ने बाकायदा बयान जारी कर खुल्लम खुल्ला कहा था कि अगर उन्हें लगता है कि उनको कहीं और ज्यादा सम्मान मिलेगा तो उन्हें वहां चले जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी ने ओपी राजभर के नाम चिट्ठी जारी करते हुए लिखा था- ओम प्रकाश राजभर जी, समाजवादी पार्टी लगातार भाजपा के खिलाफ लड़ रही है। आपका भाजपा के साथ गठजोड़ है और लगातार भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। अगर आपको लगता है, कहीं ज्यादा सम्मान मिलेगा तो वहां जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं। इस चिट्ठी को लेकर राजभर ने कहा था- हमें तलाक मंजूर है। इस बारे में ओपी राजभर के बेटे ने भी कहा था कि धन्यवाद है समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव जी को धन्यवाद है फिर मिलेंगे चलते चलते। सपा से बात बिगड़ने के बाद राजभर ने दलितों और पिछड़ों का मुद्दा उठाते हुए बसपा से नजदीकी बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने मायावती और बसपा की तारीफ भी की लेकिन बसपा की तरफ से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उल्टा मायावती के भतीजे और बसपा के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने ट्वीट कर इशारों ही इशारों में राजभर पर निशाना साधते हुए लिखा- यूपी की पूर्व सीएम मायावती के शासन, प्रशासन, अनुशासन की पूरी दुनिया तारीफ करती है। कुछ अवसरवादी लोग बहनजी के नाम के सहारे अपनी राजनीतिक दुकान चलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे स्वार्थी लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। फिलहाल राजभर ना इधर के हैं ना उधर के हैं बल्कि बीच मझधार में फंसे हुए हैं।

## RSS का फंड रेजर है लुलु मॉल का मालिक, वही लाया था नमाजी, मुरादाबाद में बोले सपा विधायक आजम खान



नमाज को लेकर चर्चा में आया लखनऊ का सबसे बड़े लुलु मॉल एक बार फिर सुर्खियों में है। पूर्व मंत्री और रामपुर सपा विधायक आजम खान ने लुलु मॉल को लेकर बड़ा बयान दिया है। गुरुवार को मुरादाबाद में अदालत आए सपा विधायक आजम खां ने कहा कि लखनऊ में लुलु मॉल बनाने वाला आरएसएस का फंड रेजर है। उसने माल बनाया, वाद भी उसका खड़ा किया है।नमाजी भी वही लाया था। उसे नाम बदलना चाहिए, क्योंकि वह मॉल से कमाई कर रहा है। वह मॉल का नाम नहीं बदलेगा। वह अपनी गिरहबान में झांके और जवाब दे। हमसे जवाब नहीं मांगे। कोर्ट परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते आजम खां ने आज भी अपने अंदाज में जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में सपा विधायक ने विपक्षी नेताओं पर ईडी की छापामार कार्रवाई के पीछे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले मुरादाबाद में छजलैट बवाल केस में पेशी पर आरोपी कई सपाई नेता आए थे।एक आरोपी नेता के स्थगन प्रार्थना पत्र के चलते गुरुवार को आजम खां और अब्दुल्ला आज़म के बयान नहीं हो सके। इस दौरान अमरोहा से महबूब अली, पूर्व विधायक मनोज पारस, पूर्व नसीमुल हसन राजेश यादव, डीपी यादव, इकराम कुरेशी अदालत मे पेशी हुए। राजकुमार प्रजापति की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से अदालत में गुहार लगाई गई है कि गवाह को रिकॉल किया जाए।

# बहू ने मायके वालों के साथ मिलकर सास को लगा दिया ठिकाने

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-पुत्र की तहरीर पर पत्नी सहित पांच ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज अलग रहने का पति पर बना रही थी दबाव वो दिन रात गए जब बहुएं सास की प्रताडऩा से परेशान रहती थीं, अब नये जमाने में बहुएं सास का शिकार करने लगी हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जब बहू ने अपने मायके वालों के साथ मिलकर सास को जहर देकर मार दिया। यह आरोप बहू के पति और श्वसुर का है। घटना के मामले में पुत्र ने पत्नी व ससुरालीजनों के विरुद्ध मां को जहर देकर मार डालने का मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गया जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज निकट जिला जेल निवासी निर्मल सिंह एक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात है। उसने 26 जुलाई को अपनी 44 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी को घर में अचेतावस्था में पड़ा देखा, तो उन्होंने अपने साले सतेन्द्र से कहा कि बहुत देर हो गई है, तुम्हारी बहन जमीन पर पड़ी है, देखो क्या हो गया। उसने पास देखा तो मुंह से झाग आ रहा था और उसे उपचार के लिए लोहिया लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन सुनीता देवी को लेकर एक निजी चिकित्सक के पास गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। यह देख परिजनों ने चीख पुकार शुरु कर दी। निर्मल सिंह ने बताया कि उसने अपने पुत्र रवि प्रताप सिंह का विवाह 19 नवंबर 2021 को काजल निवासी ज्यूति खुडिय़ा थाना ओछा जनपद मैनपुरी के साथ किया है। शादी के कुछ समय पश्चात ही बहू पुत्र पर दबाव बनाने लगी कि परिजनों से अलग रहो। ऐसा नहीं करोंगे, तो तुम्हारी मां को जान से मार देंगे। मृतका के पुत्र रवि प्रताप ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मेरी पत्नी काजल अक्सर मेरी मां से झगड़ा कर अलग रहने की जिद करती थी। 19 जुलाई को पत्नी ने मां के साथ मारपीट की तथा अपने पिता रामविलास, चाचा राजीव व चाची रीना, मामा भूपसिंह को फोन करके बुला लिया और मेरे विरुद्ध 112 पर शिकायत कर पुलिस बुला ली। थाने पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। घर आकर उपरोक्त ससुरालीजनों ने सतेन्द्र सिंह पुत्र वीरपाल, शोभित पुत्र अशोक कुमार के सामने धमकी दी कि अगर मां-बाप से अलग नहीं रहे तो तुम्हारी मां को मार डालेंगे और 26 जुलाई को खाने में उपरोक्त लोगों ने जहर दे दिया। जिससे मेरी मां की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध धारा 304. 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# हैंडपंप पर पानी पी रही बालिका की करंट लगने से मौत



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शमशाबाद-फर्रुखाबाद-हैंडपंप पर पानी पीने के दौरान अचानक करंट आने से 6 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। जिससे कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला देवीदास मजरा पहाड़पुर बैरागर निवासी राम प्रताप सक्सेना की 6 वर्षीय पुत्री कुमारी दीक्षा गांव के ही कुछ अन्य बच्चों के साथ ग्रामीण सोवरन सिंह के घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी पीने गयी थी। पास में ही बिजली का पोल खड़ा है। अर्थ का तार खम्बे से लिपटा हुआ जमीन के अंदर तक गया था। जानकारी के अनुसार बच्ची पानी पी रही थी, उसी दौरान विद्युत करंट का शिकार हो गई और तड़पने लगी। दूसरे बच्चे चिखते चिल्लाते घर पहुंचे औरसूचना दी। तब तक बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बताते है कि मृतका बच्ची के पिता दो दिन पूर्व कहीं बाहर गये थे। मृतक चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# ग्राम प्रधान,खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षक हुए सम्मानित

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- श्रावस्ती समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों को 19 पैरामीटर से संतृप्त किए जाने का कार्य निरंतर जारी है इसी के क्रम में 19 पैरामीटर से संतृप्तिकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जनपद के 10 विद्यालयों का चयन स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत किया गया है जिनमें से ऐसे पांच विद्यालय हैं जिनके ग्राम प्रधानों ने अपने सहयोग से विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ बनाया है तथा पांच ऐसे विद्यालयों का भी चयन किया गया जिन्होंने ग्राम पंचायत के सहयोग से अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों को स्वच्छ बनाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयास में जनपद के 30 विद्यालयों का चयन किया गया जिन्होंने अपने प्रयास से विद्यालय को प्रत्येक प्रकार से स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। उक्त विद्यालयों का चयन भी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया एवं उन विद्यालय के अध्यापकों को उनके प्रयास के लिए पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि भविष्य में जनपद के समस्त विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर से संतृप्तिकरण का कार्य किया जाएगा साथ ही विद्यालयों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी विद्यालयों में स्वच्छता के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों से यह अपील की कि उनके न्याय पंचायत में जितने भी विद्यालय हैं वह सभी अध्यापकों को इसी प्रकार से अपने विद्यालयों को कायाकल्पित करने एवं विद्यालयों को स्वच्छ रखने के संबंध में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह मेरी प्राथमिकता का कार्य है कि हमारे जनपद के समस्त विद्यालय प्रत्येक प्रकार से सुव्यवस्थित हो। कार्यक्रम में जिला सपना सोनी, फरहान सिद्दीकी, ज्ञानेंद्र तिवारी सहित समस्त शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया

# बाइक अनियंत्रित होकर पलटी बाइक सवार युवक घायल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार ( शाहजहांपुर ) थाना क्षेत्र के गांव ढकना लहिया में रहने वाले रामदास का पुत्र संतोष कुमार बाइक से किसी कार्य वश गोला की ओर गया था। जहां से बुधवार की शाम बह वापस लौट रहा था तभी खुटार गोला बाईपास पर प्रतिष्ठान श्याम आर ओ वाटर के पास अचानक सामने एक गौवंशीय पशु आ गया जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।लोगों ने उसे खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना सोनवा का औचक निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना सोनवा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा उनके रख रखाव एवं उनमें पायी गई कमियों की सुधार व थाने पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक एस0के0 सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मेटल गलाने के लिएं संचालित कोयला आधारित भट्ठियों को गैस से जलाने के लिएं पीतल कामगारों को जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-पूरी दुनियां में पीतल सहित कई अन्य धातुओं को गलाकर उनसे उत्पाद बनाने के लिएं दशकों से कोयले से भट्ठी जलाकर उत्पाद बनाए जा रहे हैं, इससे इंधन की लागत भी भी ज्यादा आ रही है, और प्रदूषण बढ़ने से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। अब इन कोयला आधारित भट्ठियों को गैस पर कन्वर्ट करने के लिए बैठक आयोजित की जा रही हैं। आज इस बैठक में काउंसिल ऑन एनार्जी इनवॉमेंट एंड वॉटर संस्थान से नीले श्रीवास्तव, अंकुर, जिला उद्योग केंद्र से मनीष कुमार पाठक, असिस्टेंट कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र उत्तर प्रदेश, ओ डी ओ पी सेल से अवनीश पांडे, दीपक कुमार, टोरेंट गैस लिमिटेड के मैनेजर व नोमान मंसूरी अध्यक्ष हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसायटी, आर्टिजंस नौशाद वारसी, सिकंदर अली आदि बैठक में शामिल होकर विचार विमर्श किया कि किस तरह से कोयले से चलने वाली भट्ठी अगर गैस से चले तो क्या फ़ायदा होगा। बैठक में शामिल लोगो ने आर्टिजंस क्षेत्र का दौरा किया। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार नवनीत सेहगल के आदेश अनुसार सिडबी द्वारा भी इस बैठक के तहत होने वाले कार्यक्रम में सहयोग करने की बात भी की गई। जल्दी ही मुरादाबाद में कोयले से चलने वाली भट्ठियों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत 25 के लगभग भट्ठी गैस आधारित करने की योजना बन रही है।



# दस महिला क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार बांटे

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पथ सारथी ट्रस्ट के सदस्यों ने राज्यपाल के आह्वान पर 18 वर्ष तक के दस महिला क्षय रोगियों को जिला क्षय रोग केंद्र टाउन हॉल परिसर में पौष्टिक आहार का वितरण किया। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार कुरैचया, डीपीसी डॉ. मुहम्मद जावेद, अमित भटनागर, मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह और समस्त टीबी विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। पथ सारथी ट्रस्ट की तरफ से अध्यक्ष रवि प्रकाश राय, आस्था त्रिवेदी ( महिला प्रकोष्ठ ) गौरव कुमार, राजेंद्र कुमार ढींगरा, अखिलेश शर्मा, विनोद शर्मा, पवन ठाकुर, अमृत अग्रवाल, शुभम ठाकुर, अमरनाथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# औषधीय और फलदायक और छायादार पौधों का पौधरोपण किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस और हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , मुरादाबाद के तत्वावधान में आओ धरा को हरा भरा बनाये प्रकृति का हरित कवच बढाएं अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28 जुलाई 2022 दिन बृहस्पतिवार प्रातः 7:00 बजे सर्वोदय शिशु एवं विद्या मंदिर श्याम नगर चंदौसी रेलवे लाइन के किनारे पर पौधरक्षण की भावना से जामुन , पाखड़ , कनेर , गुलमोहर , इमली आदि औषधीय और फलदायक और छायादार पौधों का





पौधरोपण किया गया जिसमें स्कूल की अध्यक्षा वंदना शर्मा , प्रबंधक स्वाति शर्मा , प्रधानाचर्या रमेश सिंह , शिक्षिका कु हिमानी , कु साक्षी सिंह आदि के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों शिक्षक / शिक्षिकाओं ने पौधरोपण में सहयोग किया और पौधरक्षण के एक स्वर में आवाज बुलंद की स्कूल की अध्यक्षा वंदना शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे हम सबकी जान हैं प्रबंधक स्वाति शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना हम किसी का जीवन नहीं है प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने कहा कि पौधों की कमी के कारण ही सूखा हो रहा है अतः वृक्षों का कटान बंद होना चाहिए प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि प्रकृति पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है अतः प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को सेवा ही बनना चाहिए और धरा को हरा भरा बनाने और प्रकृति का हाथ कवच बढ़ाने के लिए हरे पौधे लगाकर हरे पेड़ पौधों का संरक्षण भी करना चाहिए। क्योंकि हरे पेड़ पौधे ही प्रकृति में ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री है। प्रकृति ही सर्वे सर्वा है। प्रकृति सेवा समिति की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल ने कहा कि प्रकृति में ही हमारी समस्त समस्याओं का समाधान निहित है। प्रकृति सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है अतः जलवायु परिवर्तन तेजी के साथ हुआ है जिसमें प्रकृति को कहीं ना कहीं ह्रासहो रहा है उस को संतुलित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# निकाह के 17 साल बाद दिया तलाक, पति व देवर पर केस दर्ज

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- निकाह के 17 साल बाद दहेज के लिए पति ने विवाहिता को तीन तलाक दे दिया। आरोपी शराब पीकर आए दिन पीड़िता से पैसों की मांग करता था। मामले में चक्कर की मिलक निवासी पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई। जिसके बाद सिविल लाइंस पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी शबा का निकाह 17 साल पहले मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी सलीम के साथ हुआ था। उसके एक 16 साल की बड़ी बेटी और दो दोटे बेटे हैं। शबा के अनुसार शादी के बाद से उसका पति सलीम और देवर तसीलम दहेज के लिए परेशान करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 9 जुलाई को पति शराब पीकर घर आया और टोंकने पर बच्चों के साथ उसकी पिटाई करने लगा।

# ठाकुरद्वारा में हरियाली तीज को लेकर बाजार गुलजार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- हरियाली तीज को लेकर महिलाओं में खरीदारी के लिए गजब का उत्साह है। गुरुवार को साप्ताहिक बंदी के बावजूद महिलाओं की भारी भीड़ खरीददारी के लिए पहुंची। महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री, कपड़ों, ज्वेलरी आदि की जमकर खरीददारी की। हरियाली तीज के व्रत में महिलाएं हरे रंग की साड़ी, चूड़ी आदि पहनकर सोलह श्रृंगार करती हैं। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को भगवान शिव और मां पार्वती की विधिपूर्वक पूजा करके हरियाली तीज की कथा सुनती हैं। सावन के महीने में चारों तरफ हरियाली होने के कारण इस व्रत में हरे रंग को प्रमुखता दी जाती है। सावन के दौरान सृष्टि में बदलाव की प्रक्रिया होती है। इसके अलावा भगवान शिव और माता पार्वती को हरा रंग बहुत प्रिय था। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सावन में चारों ओर हरियाली से मन भी सावन के उत्साह एवं उल्लास में सराबोर होने को बेताब है। महिलाओं ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ब्यूटी पॉर्लर में निखरने को महिलाओं की आवाजाही बढ़ गई है तो मेहंदी सजाने को हाथ आगे बढ़ने लगे। हरे रंग के वस्त्रों की भी बाजार में खासी मांग रही। श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाएं ही नजर आईं। चमकने और दमकने के सामान की खरीदारी को आने वाली महिलाओं की भीड़ से बाजारों में रौनक भी दिखाई दी।

# दूसरे समुदाय का युवक किशोरी को लेकर फरार, गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र के लोदीपुर जवाहर नगर से दूसरे समुदाय का युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को पीड़िता के परिवार वालों ने सीओ आफिस पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के युवक का नाम प्रकाश में आने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रहा है। सीओ ने जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी व पीड़िता की सकुशल बरामदगी का आश्वासन दिया। इसके बाद ही आक्रोशित परिवार वाले शांत हुए। लोदीपुर जवाहरनगर निवासी किशोरी को विशनपुर भीमाठेर थाना सिविल लाइंस निवासी मोहम्मद शाहनवाज पुत्र शहाबुद्दीन बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता के भाई ने बताया कि आरोपी युवक के घर वालों से शिकायत की तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गए। बहन का कोई पता नहीं चलने पर गुरुवार को सीओ सिविल लाइंस आशुतोष तिवारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सीओ सिविल लाइंस ने बताया कि मझोला पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Seal on law

The most talked about organization these days is the Enforcement Directorate (ED). However, this discussion is mostly related to matters related to political people, whose directorate is investigating. The Directorate mainly investigates cases of money laundering under the Prevention of Money Laundering Act, that is, broadly, it investigates black money, which is used for various wrongdoings apart from smuggling or even terrorism. This law and the rights given to the directorate regarding it were challenged in the Supreme Court.

It was said in the petition that on the one hand, this law violates the fundamental rights, hence it is unconstitutional. Secondly, the Directorate is not a police force, but it has been given the powers of raiding, attachment and arrest, which are with the police. Some have more powers than the police. For example, the confessional statement made before the police cannot be produced in court, whereas the statement given before the directorate can be produced. In the petition, objections were raised on these rights of the Directorate. By the way, this is not the first case, when this law made in 2002 has been challenged in court. In 2017, the Supreme Court had put a stay on this law. The very next year, it was amended and implemented again through the Finance Bill introduced in Parliament. This time the issue of amending it through the Finance Bill was also raised in the petition. On Wednesday, a three-judge bench of the Supreme Court set aside all objections made to the money laundering law and the powers of the directorate, that is, the directorate's powers to conduct raids, arrest people, etc. under this law will remain intact. The court also upheld the point that in such cases it would be the responsibility of the accused to prove his innocence.

The Supreme Court bench in its judgment also mentioned the role of money laundering in all anti-social activities ranging from terrorism. It also upheld the provision of fine and punishment for giving false information by the accused. The bench has also said that it is not only an offense to commit money laundering, but it is also an offense to indulge in the whole process of money laundering at some level. The bench left the matter of amendment to this law by the Finance Bill for a larger bench.

There is also a case related to Aadhaar for making laws through the Finance Bill. This matter was also left to the larger bench, although the formation of a larger bench for this has not been announced yet. Another fact related to the money laundering law is that in the last eight years, the Directorate has shown a lot of proactiveness and the number of raids on it has increased by 26 times. But the harsh reality is that the conviction rate in such cases is still very low. According to an information given in the Rajya Sabha, 3,010 raids were conducted for money laundering in the last eight years, while only 23 people were punished. It needs to be made more effective. But all parties will have to try that political disputes do not arise in this regard.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM


## Janhvi Kapoor was doing this work secretly in the night, if caught, she started doing dialogue

Bollywood actress Janhvi Kapoor is very active on social media. The actress shares almost all the updates related to her life with the fans. Many times Janhvi also shares funny reels, in which she is seen with sister Khushi Kapoor and sometimes with friends. Now a video of the actress is going viral on social media. In which she is seen secretly obeying her mind at night. Actually, Janhvi Kapoor is troubled by midnight cravings and is secretly eating strawberries. Janhvi is enjoying strawberries when suddenly her friends come and catch her red handed. However, what follows is a funny conversation between the two as Janhvi and her friends begin to engage in dialogues, which are viral dialogues of TV actress Tejashwi Prakash. Her friend says to Janhvi, 'You are walking in the middle of the night?' In response to this, Janhvi says, 'Lysen, when I walk, I do not see the time and I never walk after seeing the time, because if someone looks, they see our figure and I am maintaining my figure.' Sharing the video, the actress wrote in the caption, 'When someone catches you in the middle of a walk with midnight cravings.' Let us tell you that Janhvi Kapoor is in discussion about her film Good Luck Jerry these days. Recently the trailer of the film was released, in which Janhvi is seen doing a strong acting. Janhvi is also being praised for her acting in the film. On the work front, Janhvi Kapoor's Good Luck Jerry will release on July 29 this year. The film will be released on Disney Plus Hotstar. Apart from Good Luck Jerry, Janhvi also has a film ruckus opposite Varun Dhawan. The actress also has the film Jana Gana Mana in her account, in which she will be seen alongside South Star Vijay Deverakonda and Pooja Hegde. Along with all this, Janhvi also has Karan Johar's film Dostana 2.



## Saif Ali Khan was publicly slapped by this person on the shooting set, Ajay Devgan was also present

Actor and critic KRK is very active on social media and posts a lot. KRK gives his opinion freely on everything from country and abroad to politics and cinema. In such a situation, sometimes they are trolls and sometimes they get the support of social media users. KRK often attacks Bollywood and celebs on social media, so now KRK has shared a video related to Saif Ali Khan. KRK has shared a video on social media, in which there is a mention of Saif getting slapped on the shooting set. Social media users are reacting rapidly to KRK's video. KRK shared a video- KRK has shared a video on social media. This video is a short clip of an interview, in which a man is referring to slapping Saif Ali Khan on the shooting set. Sharing this video, KRK wrote in the caption, 'Tinnu Bhai, although you should not insult Saif Ali Khan in front of such a world, but you did it right. That's what he deserves. Let us tell you that at the time when Saif was slapped, Ajay Devgan was also standing in front of the shooting set. Saif was slapped- Actually the person who is seen in this video is action director Tinu Verma and he is with Mukesh Khanna. There is a small clip of the video of the conversation. In the video, Tinu is saying, 'Saif if you want to go ahead in life, then definitely respect the technicians who present the actors.



## नगर क्षेत्र में कलैक्शन एजेंट के साथ हुई लूट की घटना का सरगना लूटी गई नकदी व बैग सहित गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - अपर पुलिस अधीक्षक धनजंय सिहं कुशवाहा ने पुलिस लाईन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुये आठ दिन पूर्व कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई एक लूट की घटना का पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुये बताया कि 21 जुलाई को वादी श्याम भारद्वाज ट्रेडिंग कैलाशगंज थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की तहरीर दी गई कि वह अपने साथी शिवम शर्मा के साथ गंजडुडवारा से पेमेंट लेकर एटा आ रहे थे। कि तभी गंजडुंडवारा रोड धानमील के पास पीछे से आ रही एक अपाचे मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल में डंडा मारकर उन्हें गिरा दिया, और मारपीट कर पैसों



का थैला जिसमें 1,15,000 रुपये व एक बैंक चैक तथा मोबाइल छीनकर भाग गए। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअस 522 / 22 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिहं के निर्देश पर को थाना कोतवाली नगर के इंस्पेक्टर रामेन्द्र शुक्ला व इंस्पेक्टर क्राइम अवधेश कुमार तथा पुलिस चौकी पटियाली गेट इंचार्ज रितेश ठाकुर तथा जनपदीय काइम ब्रांच द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रोडवेज बस स्टैण्ड एटा के पास से एक शातिर लुटेरे को लूटे गए बैग व बीस हजार रुपये सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की जामातलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ब्रजेश पुत्र रामकिशन निवासी मुहल्ला श्रगांर नगर के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 541/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा

## डिग्गी से रुपये निकालते बच्चा पकड़ा, बचे 4.40 लाख

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -डिग्गी से रुपये निकालते समय एक बच्चें को व्यापारी ने पकड़ लिया। पुलिस को सौंप दिया। मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। पुलिस बच्चें से पूछताछ कर रही है। कोतवाली अलीगंज के मोहल्ला कांशीराम निवासी शिवा गुप्ता ने तहरीर देते हुए बताया कि वह गल्ला व्यापारी है। हर दिन बैंक में रुपये जमा करते है और निकालते है। बुधवार को भी पीड़ित बैंक में रुपये निकालने पहुंचे। बैंक ऑफ इंडिया से 4.40 लाख रुपये निकाले और बाइक की डिग्गी में रख लिए। बाइक में चाबी लगाकर स्टार्ट कर रहा था। पीछे से आएं एक बच्चें ने डिग्गी से रुपये निकालने का प्रयास किया। व्यापारी ने सही समय पर देख लिया और बच्चें को पकड़ लिया। बच्चें को पुलिस को सौंप दिया है। मामले में तहरीर दी है। अलीगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ मामला संज्ञान में आया है। युवक को चोरी के शक में पूछताछ के लिए मलावन लाया गया था। वह बिना बताएं थाने से चला गया। मामले में जांच बैठाई गई है। मामले की जांच सीओ सकीट को सौंपी गई है।- उदयशंकर सिंह, एसएसपी एटा।

## 25000 का इनामी अन्तर्जनपदीय बदमाश पुलिस मुठभेड में घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - कासगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी, 25000 का इनामी अन्तर्जनपदीय बदमाश पुलिस मुठभेड में घायल, जनपद कासगंज सहित 05 जनपदों के लूट, डकैती, चोरी आदि के करीब 12 गम्भीर अपराधों था संलिप्त जिनमें से करीब 04 अपराधों में चल रहा था फरार, मौके से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा व खोखा कारतूस एवं चोरी की एक मो0सा0 बरामद । कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा जनपद कासगंज में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.07.2022 को थानाध्यक्ष सहावर श्री राजकुमार सिंह द्वारा मय पुलिस बल के अबूपुरा मोड नहर की पटरी ग्राम नौपती के पास चैकिंग की जा रही थी तभी एसओजी टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई दो बदमाश गोरहा नहर के रास्ते मोटर साइकिल से चाँडी होते हुए किसी बडी वारदात करने की फिराक में गंजडुण्डवारा की तरफ जा रहे है । कुछ ही देर बाद एसओजी की टीम भी खितौली पुलिया पर पहुँचकर थाना सहावर पुलिस के साथ संयुक्त रूप से



आने व जाने वाले वाहनों/व्यक्तियों की सघनता से चैकिंग प्रारम्भ की गयी । इसी दौरान समय करीब 09ः30 बजे रात्रि गोरहा नहर पटरी के रास्ते चाँडी की ओर से एक मोटर साइकिल की लाइट दिखाई दी,जब पुलिस वालों ने उसे रुकने का इशारा किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी द्वारा अपने आप को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ बदमाशों पर जवाबी कार्यवाही करते हुए फायरिंग की गयी तो एक बदमाश को गोली लगने से वहीं पर मय मोटर साइकिल के गिर गया, पीछे बैठा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा । पुलिस पार्टी द्वारा घायल बदमाश के पास जाकर उसे देखा तो उसके दाहिने पैर में गोली लगी है नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मिट्ठी उर्फ शरीफ निवासी नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज बताया तथा अपने फरार साथी का नाम छलिया नि0 अलीगंज जनपद एटा बताया ।

बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, 02 कारतूस जिन्दा, 03 खोखा कारतूस एवं कुछ दूरी से एक मोटर साइकिल हीरो पेशन प्रो रंग काला बिना नम्बरप्लेट के बरामद की गयी है । जिसके सम्बन्ध में पूछा गया तो उसके द्वारा चोरी की बतायी गयी । पुलिस कर्मियों द्वारा घायल बदमाश को नियमानुसार हिरासत में लेकर सरकारी गाड़ी से इलाज हेतु सीएचसी सहावर भिजवाया गया है । अभियुक्त मिट्ठी उर्फ शरीफ एक शातिर किस्म का बदमाश है इसके विरूद्ध जनपद कासगंज, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़ व एटा के थानों में करीब 12 अभियोग पंजीकृत है जिनमें से 04 अभियोगों में फरार चल रहा था । वर्तमान में जनपद मैनपुरी के थाना करहल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 386/20 धारा 396 भादवि व मु0अ0सं0 03/21 धारा 307,379 भादवि में फरार एवं वांछित चल रहा था जिसके विरूद्ध दिनांक 02/01/2021 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मैनपुरी द्वारा 25000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था । अभियुक्त के विरूद्ध थाना सहावर पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की

## ब्लॉक जैथरा खेलकूद में 800 मीटर दौड़ में सोहित-दिव्या ने सबको पछाड़ा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -आजादी के अमृत महोत्सव श्रंखला में चल रहे एटा खेल महोत्सव में बुधवार को ब्लॉक जैथरा की खेल प्रतियोगिता एसएसएस पब्लिक स्कूल के मैदान पर हुई। नेहरू इण्टर कालेज, गांधी सार्वजनिक इण्टर कालेज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। खेल प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग मे रोहित, बालिका वर्ग मे नेहरू विद्यालय की दिव्या प्रथम रही। 200 मीटर दौड़ मे अन्वेष गांधी स्कूल, 400 मीटर दौड़ मे गौरव यादव एसएसएस पब्लिक स्कूल, विक्रम सिह व ललिता गांधी स्कूल तथा दिव्या ने प्रथम स्थान पाया। गोला फेंक मे यूपीएस नगला शंकर के अंकेश, विकास नेहरू स्कूल सुजाता नगला शंकर चक्का फेक मे प्रिया विजेता बनी। बालक कबड्डी सीनियर वर्ग मे गांधी स्कूल विजेता वहीं जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग मे यूपीएस नगला शंकर की टीम विजेता रही। जूनियर कबड्डी बालक वर्ग मे एसएसएस पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही। खो-खो के अलग-अलग वर्ग मे गांधी स्कूल, नेहरू स्कूल की टीम ने जीत मारी। समापन पर खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार, क्षेत्रीय युवा कल्याणधिकारी अनीश कुमार ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। नोडल प्रधानाचार्य अमित कुमार, ब्लांक पीटीआई इन्देश कुमार, शक्ति सिह ने आभार जताया। शुभारम्भ बीएसए संजय सिह ने किया। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी डा. सुधीर कुमार सिंह ने खेल के महत्व को बताया। खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पीटीआई रजनीश यादव जिला समन्वयक एमडीएम अमित चौहान प्रबंधक रंजीत सिह, निशांत कुलश्रेष्ठ, प्रभात, मनीश दुबे, मनोज यादव, जयराम सिह, धमेन्द्र प्रताप सिह, बीरेश यादव, बारिज सिंह राठौर, मोनिका सिह, विवेकानन्द, नवाव सिह, अरूणकान्त, जितेन्द्र सिह लालू मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# निष्पक्ष बैनर तले संयुक्त मोर्चा ने वृक्षारोपण करने के साथ गरीब छात्रों को अध्ययन सामग्री का किया वितरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- निष्पक्ष बैनर के तले अनिश्चितकालीन आंदोलन के चौथे दिवस संयुक्त मोर्चा के द्वारा हरेली पर्व के अवसर पर सभी विकासखण्ड में बृक्षारोपण कर आंदोलन को जारी रखा संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय सह-संचालक रंजय सिंह, अजय सिंह,नसीम अली,मुकेश मुदलियार एवं जिला संचालक भुपेश सिंह एवं यादवेंद्र दुबे ने शासन से जल्द निर्णय कर महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग की वही प्रतापपुर में छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रंजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवसाय सिंह टेकाम की उपस्थिति में आंदोलनरत शिक्षकों ने स्थानीय बीआरसी प्रशिक्षण कक्ष परिसर में वृक्षारोपण किया इसके तहत कुछ फलदार पौधे रोपित किए गए। साथ ही एक अन्य कार्यक्रम में अमनदोन के ही समीप सेवाग्राम कूड़ाकु पारा के निर्धन बच्चों को अध्ययन सामग्री काफी पेंसिल पेन रबर शार्पनर एवं बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते हुए रंजय सिंह ने कहा की हम बच्चों में हुए नुकसान के लिए चिंतित हैं और इसके लिए पूर्णतया शासन दोषी है शासन को अपनी हठधर्मिता त्याग कर प्रदेश के चार लाख कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र निर्णय करना चाहिए साथ ही उन्होंने अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के मुखिया से यह आह्वान किया कि वह ष्ठ एवं ।ळ्र कि दो सूत्रीय मांग को शीघ्र पूर्ण करने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा करें। कार्यक्रम में नागेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता के स्थान पर अधिकारियों कर्मचारियों व शिक्षकों को 22त्न महंगाई भत्ता दिया जा रहा है तथा गृह भाड़ा भत्ता को भी अभी तक सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षित नहीं किया गया है जिससे सभी कर्मचारियों को प्रतिमाह 4000 से 14000 तक आर्थिक नुकसान हो रहा है। शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवसाय सिंह टेकाम ने कहा कि हम उक्त मांगों को ले कर अनिश्चित कालीन आंदोलन पर हैं और मांगे पूरी होने तक डटे रहेंगे। आज आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव साय सिंह टेकाम के साथ संगठन के महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती नाज़नीन बेगम श्रीमती अनुपमा मिंज श्रीमती सुमित्रा सिंह श्रीमती कमला चक्रधारी श्रीमती रेखा कश्यप प्रीति केरकेट्टा श्रीमती पुष्प लता सिंह श्रीमती ज्ञान लता सिंह श्रीमती सुचित्रा मेहता जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों के रूप में रामेश्वर प्रसाद राजवाड़े जानकी प्रसाद यादव संजय कुमार चतुर्वेदी नरेश प्रसाद विजय शंकर पैकरा ललित कुमार चक्रधारी वीरेंद्र कुमार सिंह दिनेश कुमार सिंह रतन साय केशरी अरविंद अलकड़ा विरेंद्र पंकज रविंद्र कुमार भगत अमित कुमार गुप्ता अजय कुमार पैकरा के पी रात्रे, शिव शंकर सोनी, शिव कुमार सिंह, राजकुमार साय पैकरा, गोपेश्वर प्रसाद साहू राजकुमार कश्यप, कुमारेश राय उमाशंकर सिंह मुकुट धारी सिंह साकेत कुमार पांडे नैनसाय पैकरा सहित कई विभागों के कर्मचारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- संकुल केंद्र साल्ही में सम्मिलित रूप से शासकीय हायर सेकेंडरी व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साल्ही में 28 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम प्रारंभ छत्तीसगढ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर विभिन्न कृषि उपकरण औजारों का पूजन तथा पशुधन को आटे की लौंदी खिलाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपीएस पोया (युवा नेता,सोशल एक्टिविस्ट ) जी ने बताया की भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय त्यौहार है जिसका संबंध हरियाली से है यह प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का त्यौहार है जिसे आज छत्तीसगढ़ में प्रथम त्योहार के रूप में सामूहिक ढंग से मना रहे हैं हरेली त्यौहार एक कृषि त्यौहार है आज किसान भाई अपनी अच्छी फसल की कामना करते हुए कुल देवता एवं ग्राम देवता की पूजा करते हैं । उन्होने आगे कहा छत्तीसगढ़ भौगोलिक दृष्टि से , बोली भाषा, त्यौहार , महापुरुषों क्रांतिकारियों की जन्मभूमि है जिसे आज वर्तमान युवाओं, छात्रों ,नागरिकों को शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक ,सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बंध कर राज्य, देश के विकास में अपना सहभागिता निभाना चाहिए संस्कृति के साथ-साथ शिक्षा का विशेष ध्यान देने की बात कही । छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दिए । तत्पश्चात रंगोली, मेहंदी, गेडी दौड़ , सांस्कृतिक नृत्य का भी आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा सातवीं से मनमोहन सिंह, द्वितीय स्थान कक्षा सातवीं से अखिलेश सिंह ,मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा बारहवीं से तमेश्वरी , कक्षा आठवीं से संतोषी द्वितीय स्थान में रही द्य वही गेड़ी दौड़ पर श्रीप्रसाद कक्षा बारहवीं प्रथम , मिथिलेश कक्षा दसवीं द्वितीय रहे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना सिंह शिक्षिका , कार्यक्रम का निर्देशन शिक्षक खिलेश्वर जंघेल , कराली सिंह, उर्मिला सिंह, सरिता, संध्या,छात्र-छात्राएं बच्चे महिलाएं उपस्थित रहे ,बच्चों को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ

# भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी पहुंचे कर्मचारी संघ को समर्थन देने

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के गृह भाड़ा प्रदान किया जाए । ओड़गी - भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के आंदोलन पर पहुंचकर अधिकारियों के पक्ष में संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश सरकार कर्मचारियों के पक्ष में कई बड़े वादे किए गए थे परंतु शासन में आते ही भूपेश सरकार के द्वारा अपने वादों से मुकर गए केंद्र में मोदी सरकार के द्वारा केंद्र के कर्मचारियों को समान महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान दिया जा रहा है परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में ऐसा नहीं हैद्य विदित हो कि 25/07/2022 से छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों ने 5 दिनों के हड़ताल कि घोषणा कर दिनांक 25/07/2022 से हड़ताल पर है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । आम जनता शासकीय कार्यालय जा रही है , तो कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण उन्हें मायूस होकर घर वापस लौटना पड़ रहा है । छत्तीसगढ़ को फ्र धान का कटोरा फ्र कहा जाता है , वर्तमान समय में किसान अपने खेती - किसानी कार्य में काफी व्यस्त है . समय निकालकर अपने जरूरी कार्यों के लिए शासकीय कार्यालय जा रहें है , शासकीय कार्यालयों में काम ना हो पाने के कारण आज छत्तीसगढ़ के किसान काफी परेशान है , स्कूलों में शिक्षकों के हड़ताल के कारण छात्र - छात्राएँ निराश होकर वापस घर लौट आ रहें है । वही हाल स्वास्थ्य एवं अन्य सभी विभागों का है , शासकीय कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण छत्तीसगढ़ शासन को राजस्व की हानि हो रही है । परन्तु हमारे महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा बढ़ाने में राज्य सरकार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है । छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों की मांग है कि केन्द्र सरकार द्वारा कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है , जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को मात्र 22 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है उन्हें केन्द्र के समान महंगाई भत्ता तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भांड़ा भत्ता प्रदान किया जाये । महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता कम मिलने के कारण इन्हे प्रतिमाह काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है । छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता प्रदान किये जाने की मांग का समर्थन किये इस मौके पर भारी संख्या में कर्मचारी एवं भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि मोहन राजवाड़े ,भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष नीरज गुर्जर, उपस्थित थे

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान/ दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने अभियान से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के आदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान व दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ अभियान की सफलता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पाथ यूनीसेफ, डब्ल्यू एचओ द्वारा मॉनिटरिंग रिपोर्टिंग समीक्षा की पंचायती राज एव पशुपालन विभाग प्रगति समीक्षा के दौरान स्टेट एवरेज लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिए और कृषि विभाग को सुधार करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त विकास खण्डों में आवंटित फागिंग मशीन द्वारा सही ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। ग्राम सभाओं में खराब हैण्डपम्प का पानी पीने से भविष्य में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। खराब हैण्डपम्पों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया आई0ई0सी0 मद से कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराकर ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद में सुअरवाड़ों की स्थिति खराब है इसे प्रत्येक मालिक से मिलकर उनको संवेदीकृत करें एंव छिड़काव कार्य कराया जाए। ग्राम सभाओं में झाड़ियों, तालाबों आदि की साफ-सफाई अभियान चलाकर की जाए। तथा प्रत्येक विद्यालय में हैण्ड वाश की जानकारी दी जाए तथा उनके परिवार को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए।